हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 28 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

13 संस्कृत शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने प्रदेश...



14 होली पर शांति और सुरक्षा की तैयारी पर हुई बैठक





आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिए
•सेल्समेन-सेल्सगर्ल
•कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
•लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
फोन : 9893744470

## आगजनी : 5 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

# राइस मिल में लगी भीषण आग से 2 करोड़ का धान जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बोरिद के पास स्थित तिरुपति सम्पत्ति राइस मिल में शुक्रवार सुबह आग का तांडव देखने को मिला। सुबह करीब 11 बजे मिल परिसर में रखी धान की बोरियों में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस अग्निकांड में मिल संचालक को करीब 2 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान है। आग लगने की सूचना मिलते ही फिंगेश्वर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। आग की गंभीरता को देखते हुए राजिम से दमकल की गाड़ियों को बुलाया गया। आग इतनी बेकाबू थी कि दमकल कर्मियों और पुलिस बल को इसे शांत करने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। करीब 5 घंटों की कड़ी जद्दोजहद के बाद दोपहर बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। इस दौरान राइस मिल के बाहर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा रही।

### फॉरेंसिक साक्ष्यों और मिल में लगे सुरक्षा मानकों की जांच के बाद होगा खुलासा







### भारी नुकसान, 4 हजार क्विंटल धान स्वाहा

राइस मिल संचालक के अनुसार, आगजनी में मिलिंग के लिए भंडारित किया गया भारी मात्रा में स्टॉक जल गया है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार लगभग 4000 क्विंटल धान जलकर खाक हो गया। करीब 1200 बंडल नई बोरियां जलकर नष्ट हो गईं। मिल प्रबंधन ने लगभग 2 करोड़ रुपये के आर्थिक नुकसान की संभावना जताई है।

### जांच का विषय, शार्ट सर्किट या साजिश?

आग लगने का स्पष्ट कारण अभी तक सामने नहीं आया है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के मन में कई सवाल हैंक्या आग भीषण गर्मी और शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी, या फिर इसके पीछे कोई मानवीय लापरवाही या साजिश है? फिंगेश्वर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आगजनी की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फॉरेंसिक साक्ष्यों और मिल में लगे सुरक्षा मानकों की जांच के बाद ही आग लगने के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## होली पर हुड़दंगियों व अवैध शराब कोचियों की खैर नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

गरियाबंद पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के दिशा निर्देश में शुक्रवार को थाना परिसर पाण्डुका में होली पर्व के अवसर पर शांति समिति की बैठक आहूत की गई थी जिसमें क्षेत्र के सम्मान्नीय नागरिकगण एवं जनप्रतिनिधीगण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए जहां होली त्योहार को लेकर शांतिप्रिय ढंग से होली मनाने एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने व किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर थाना को सूचित करने की समझाईस दी गई। साथ ही साथ गुंडा बदमाशों को बिल्कुल बक्सा नहीं जाएगा। थाना प्रभारी कृष्ण प्रसाद जांगड़े ने कहा की गांव- गांव में अवैध शरब बेचने वाले लोगों के ऊपर कड़ी कारवाही होंगी और सीधा जेल भेजा जायेगा गांव में अशांति फैलाने वाले को भी बक्सा नहीं जाएगा। आगे प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत में शांतिपूर्वक होली पर्व मनाया जाए जिसके लिए हमारे थाना की ओर से भी बहुत-बहुत शुभकामनाएं हैं बैठक में नायब तहसीलदार छुरा डोनेश साहू, थाना प्रभारी पाण्डुका निरीक्षक कृष्ण प्रसाद जांगडे, जनपद सदस्य युवराज साहू, पाण्डुका सरपंच सुश्री भानू ध्रुव, तर्रा सरपंच, भाजपा नेता दीपक साहू, गौतम शर्मा, कुलेश्वर साहू उपसरपंच पोंड, मनीष साहू, मुकेश ध्रुव, नूतन साहू, सहित बड़ी संख्या मे जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### साय सरकार देगी 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल का अंतर, मैनपुर में आज विशाल आयोजन

**मैनपुर।** होली का त्योहार इस बार प्रदेश के किसानों के लिए खुशहाली लेकर आ रही है छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रूपये प्रति



क्विंटल की दर से अंतर राशि होली से पहले एकमुस्त देने का निर्णय लिया गया है जिससे किसानों में खुशी देखने को मिल रही है। कृषि विभाग मैनपुर द्वारा 28 फरवरी दिन शनिवार को सामुदायिक भवन मैनपुर में ब्लॉक स्तरीय विशाल कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 12 बजे से किया गया है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के ठाकुर ने बताया कृषक उन्नति योजना अंतर्गत वर्श 2025-26 मे राशि 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से उपार्जित धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य से अंतर की राशि का भुगतान 28 फरवरी को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में जिला बिलासपुर के बिल्हा विकासखण्ड ▶▶|शेष पेज 12 पर

## दो कोचिए गिरफ्तार, अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के दो प्रकरणों में 42 पौव्वा देशी मसाला शराब एवं 10 लिटर महुआ शराब जब्त कर दो आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की। गरियाबंद पुलिस का नशे के विरूद्ध एक विशेष अभियान नया सवेरा के अंतर्गत अवैध शराब बेचने, पिलाने व अन्य नशीली पदार्थों पर कार्यवाही के लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देष दिया गया था जिसके ▶▶|शेष पेज 12 पर

## 78 गुम मोबाइल पुलिस ने लोगों को लौटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



होली पर्व से ठीक पहले गरियाबंद पुलिस ने आमजन को बड़ी राहत देते हुए 78 गुम हुए मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को वापस सौंप दिए। साइबर सेल की सक्रियता और सीईआईआर सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटी रजिस्टर पोर्टल की मदद से इन मोबाइलों को ट्रेस कर बरामद किया गया। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गुम एवं चोरी हुए मोबाइलों की खोजबीन के लिए भारत सरकार के सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटी रजिस्टर पोर्टल का ▶▶|शेष पेज 12 पर



# ग्राम सुपेबेड़ा में 2 साल बाद लगा स्वास्थ्य शिविर, 133वीं मौत के बाद जागा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

दो साल बाद फिर सुपेबेड़ा में लगा स्वास्थ्य शिविर, एम्स से नेफ्रोलॉजिस्ट की टीम लेकर पहुंचे थे जिला चिकित्सा अधिकारी वी के नवरत्ने पर केवल 100 ग्रामीण ही पहुंचे सीएमएचओ बोले वीडियो कन्फेंसिंग के जरिए टेली मेडिसिन की सुविधा जल्द ग्रामीणों को मिलेगी। गरियाबंद जिले के सुपेबेड़ा में 133वां किडनी पीड़ित की मौत के बाद फिर से एक बार स्वास्थ्य विभाग सुपेबेड़ा का सुध लेना शुरू कर दिया है। लगभग 2 साल बाद एक बार फिर सुपेबेड़ा में एम्स के किडनी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विनय राठौर के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग ने शिविर लगाया था।दो दिन पहले से इसके लिए प्रचार प्रसार भी किया गया था,पर 1400 की आबादी वाले इस गांव में ग्रामीणों ने शिविर का प्रति ज्यादा रुचि नहीं दिखाई। सीएमएचओ व्ही के नवरत्ने भी पूरे शिविर का मॉनिटरिंग कर रहे थे।ग्राम में भ्रमण कर पीड़ितों से संपर्क किया।स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी संवाद कर शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में ग्रामीणों को पहुंच कर लाभ लेने की अपील करते दिखे।पर ग्रामीणों ने ज्यादा रुचि नहीं दिखाई। बल्ड सैंपल लिया गया,बच्चों की भी जांच हुई शिविर में आए लगभग 40 लोगों ने ब्लड सेंपल लिया जिसे एम्स की लेबोट्री में जांचा जाएगा। टिम ने स्कूलों में जाकर फ्लोरोसिस के लक्षण वाले बच्चों की भी जांच कर रिपोर्ट तैयार किया है ताकि समय पर उपचार हो सके।इससे पहले हुए जांच में सेंपल देने वाले 90 फीसदी लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आया हुआ था।इसलिए भय के कारण भी ज्यादा ग्रामीण चिकित्सकीय प्रक्रिया का सामना नहीं कर रहे है।हालांकि प्रभावती कई लोग अब भी ओडिसा मेडिकल अथवा आयुर्वेदिक का सहारा लेकर अपना गुपचुप इलाज जारी रखे हुए हैं।

## वीडियो कन्फेंसिंग के जरिए टेली मेडिसिन की सुविधा जल्द ग्रामीणों को मिलेगी

### टेली मेडिसिन फैसलिटी मार्च के दूसरे सप्ताह से

सीएमएचओ ने बताया कि जल्द हो टेली मेडिसिन फैसलिटी ग्रामीणों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। मार्च के दूसरे सप्ताह से यह सुविधा मिलना शुरू हो जाएगा। इसके तहत सुपेबेड़ा, देवभोग अस्पताल और एम्स के विशेषज्ञ एक साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए जुड़ेंगे। एम्स उपचार के लिए नहीं जा पाने मरीज वीडियो कॉलिंग के जरिए विशेषज्ञों से सलाह ले सकेंगे। एम्स के एक्सपर्ट माह में एक दिन नियमित रूप से देवभोग अस्पताल आयेंगे।



### संबलपुर इनरवसिटी करेगी जल नमूनों की जांच

आज एम्स के चिकित्सकीय दल के साथ संबलपुर यूनरसिटी के मुख्यमंत्री रिसर्च फेलो की टिम भी पहुंची। लेबोट्री ऑफ रेनल टॉक्सिको पैथोलॉजी से संबंधित संस्थान की टिम ने शुक्रवार को सुपेबेड़ा में सर्फेस और ग्राउंड वाटर के कई सैंपल एकत्र किए। एग्रीकल्चर लैंड से जुड़ी सेंपल भी एकत्र किए। टिम के हेड प्रलय विश्वास ने बताया कि नमूनों के हैवी मेटल्स के अलावा अन्य सभी विस्तृत जानकारी जुटाई जाएगी।प्रकिया में लगभग एक माह लगेंगे।

## खबर संक्षेप



### बीएड तृतीय सेमेस्टर का परिणाम शत-प्रतिशत

**महासमुंद।** श्याम बालाजी कॉलेज के बीएड तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्था का नाम गौरवान्वित किया है। इस सत्र में मोनिका वाघमारे ने 84.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त फिजा परवीन (83.7), राज पटेल (83.7), प्रेमा साहू (83.7) तथा रंजना चंद्राकर (83.4 प्रतिशत) ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय के संचालक हेमंत चंद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर, प्राचार्या डॉ. अंकिता चंद्राकर, विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार साहू तथा सहायक प्राध्यापकगण उमा चौधरी, निर्मल बंजारे, टोपराम कुर्रे, डिम्पल साहू एवं शीतल साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

### गोस्वामी समाज का होली मिलन 8 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद की आमसभा तथा होली मिलन कार्यक्रम 8 मार्च रविवार को ग्राम लभराकला स्थित हुलास गिरि के निवास स्थान में होगा। जिसमें जिले के सभी महिला तथा पुरुष सदस्यों को उपस्थित होने की अपील की गई है। जानकारी देते हुए समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि उक्त तिथि को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आमसभा की कार्रवाई होगी। तत्पश्चात होली मिलन कार्यक्रम होगा। होली मिलन कार्यक्रम में महिलाओं की बैठक व्यवस्था अलग से रहेगी। ताकि वे स्वतंत्रता पूर्वक कार्यक्रम का आनंद ले सकें। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए खोमन भारती, रामेंद्र प्रकाश गिरि, विजय पुरी, शंकर पुरी, हुलास गिरि, ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरि, यशवंत गिरि, अर्जुन गिरि, राजू गिरि, मनोज गिरि, राम पुरी, शुभम भारती आदि पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## निधन

### चंदादेवी डागा



**महासमुंद।** स्थानीय एकता चौक निवासी 62 वर्षीय चंदादेवी डागा का शुक्रवार 27 फरवरी को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे नंदकिशोर डागा की धर्मपत्नी, निखिल, अंकित डागा की मां व प्रतिष्ठित व्यवसायी कमल इंटरप्राइजेस के संचालक मूलचंद लड्ढा की बड़ी बहन थी।

### शंकरलाल भोई



**सरायपाली।** अंचल के ग्राम सिरपुर निवासी शंकरलाल भोई (73 वर्ष) का गुरुवार 26 फरवरी को शाम चार बजे रायपुर में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे और रायपुर में उनका उपचार चल रहा था। अंतिम संस्कार गृहग्राम सरायपाली के ग्राम सिरपुर (बलौदा) में शुक्रवार 27 फरवरी को सुबह 10 बजे किया गया। वे अधिवक्ता तुलाराम भोई व दवा व्यवसायी शोभाकर भोई के पिता थे। अंतिम यात्रा में परिवार के लोगों, रिश्तेदारों, ग्रामीणों व आसपास गांवों के लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

**समस्या : बेलगाम रफ्तार बन रही मौत का कारण, बढ़ते सड़क हादसे गंभीर चुनौती**

# तेज रफ्तार, लापरवाही व ट्रैफिक नियमों की अनदेखी से मौत का हाईवे बनीं सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

समूचे क्षेत्र में इन दिनों सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। हाल के दिनों में चौतरफा दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान चली गई, जबकि अनेक घायल अस्पतालों में जीवन और मौत के बीच जूझ रहे हैं। हर दिन अखबारों की सुर्खियां बन रही ये घटनाएं अब सामान्य खबर नहीं, बल्कि गंभीर सामाजिक चिंता का विषय बन चुकी हैं। विशेषज्ञों और यातायात जानकारों का मानना है कि इन हादसों के पीछे मुख्य कारण तेज रफ्तार, लापरवाही और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी है। यातायात विशेषज्ञों के अनुसार अधिकांश दुर्घटनाएं निर्धारित गति सीमा से अधिक वाहन चलाने के कारण हो रही हैं। खासकर दोपहिया वाहन चालक कम समय में अधिक दूरी तय करने की होड़ में अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। तेज गति में वाहन पर नियंत्रण कम हो जाता है, अचानक ब्रेक लगाने या मोड़ पर संतुलन बिगड़ने से हादसा होना तय है। बता दें कि ट्रैफिक नियमों की अनदेखी, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करना, ओवरलोडिंग, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना, शराब के नशे में ड्राइविंग, रेड लाइट जंप करना ये सभी कारण दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बन रहे हैं।



### सड़क दुघटना में एक साल में 7 हजार मौतें

अभी छत्तीसगढ़ विधानसभा चल रहा है रायपुर दक्षिण के भाजपा विधायक सुनील सोनी ने लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर सदन में परिवहन मंत्री से पूछ बैठा कि बीते 1 वर्ष में सड़क दुर्घटनाओं में कितनी मौते हुई है? इसके रोकथाम के लिए क्या मास्टर प्लान है? इस पर परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि बीते साल में 6898 मौते हुई है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे है।

### तेज रफ्तार और नशा ही घटना का मुख्य कारण

ताजा आंकड़ो के मुताबिक राजिम-गरियाबंद नेशनल हाइवे 130 पर पिछले सोमवार को एक बाइक ने दूसरी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी थी जिसमें एक युवक की मौत हो गई। मंगलवार को छुरा-गरियाबंद मार्ग पर खरखरा के पास अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने मोटर सायकल को टक्कर मारी जिसमें शिवकुमार बंजारे नाम का युवक मौके पर ही दम तोड़ दिया। बुधवार को दो बाइक के टक्कर में ओमप्रकाश देवांगन 47 वर्ष की मौत हो गई ये घटना राजिम-गरियाबंद मार्ग पर हुई। रोज इस तरह से कुछ न कुछ दुर्घटनाएं हो रही है जिसमें एक बात खुलकर सामने आ रही है और वह बात है सिर्फ और सिर्फ तेज रफ्तार मोटरसायकल का चालन, वो भी लापरवाही के साथ। इन घटनाओं को देखते हुए भी लोगों को यदि समझ नही आ रहा है तो पुलिस कर भी क्या सकती है। अधिकांश घटनाओं में देखा जा रहा है कि नशे की हालत में रहकर लोग अपनी आपा खो रहे है और दुर्घटनाओं को जन्म दे रहे है और खुद मौत को गले लगा रहे है। गर पिछले एक साल की घटनाओं का जिक्र करे तो क्षेत्र में कम से कम 30 से 35 लोगों की मौत केवल तेज मोटरसायकल चलाने के कारण हुई है। कुछ घटनाओं में हाइवा जैसे वाहनों की लापरवाही सामने आई है जो बाइक सवार को कुचलकर फरार हो गए।

# अंचल में अब सुनाई नहीं देती नगाड़ों की थाप व फाग गीत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

होली का त्योहार आने आने सिर्फ 3 दिन शेष रहा गया है, लेकिन माहौल होली के त्योहार को लेकर फिका नजर आ रहा है, पहले बसंत पंचमी से ही नगाड़ों की थाप की आवाज सुनाई देती थी, लेकिन इस वर्ष अब तक क्षेत्र में नगाड़ा बिकना शुरू नहीं हुआ है, वर्तमान समय में नगाड़ों की जगह डीजे ने ले लिया है। होली के पखवाड़े भर पहले से ही अंचल में फाग गीत नगाड़ों के धुन के साथ ही सुनाई देता था। अब समय के साथ लोगों के बदलते विचार के साथ सभी समाप्ति की ओर है। लोगों के कान अब फाग गीत सुनने के लिए तरस रहे हैं। अब हर त्योहार केवल पारंपरिक त्योहार बनकर रह गया है। युवाओं को अब फाग गीतों में दिलचस्पी भी नहीं है, कुछ वर्षों पहले तक हर गली मोहल्लों में फाग गीत के गाने वालो की अलग टोली होती थी। सीता राम यादव, नोहर ठाकुर धनेशराम ठाकुर ने कहा कि आज का समय प्रतिस्पर्धा का है,फाग गीत व नगाड़े की थाप का मजा लेना है तो घर में बैठकर सीडी सुन सकते हैं या आधुनिक साउंड के माध्यम से इसकी पूर्ति कर सकते हैं। ग्राम सेम्हरा के ठाकुरराम चन्द्राकार, तेजराम साहू, टेगनाबासा से केसुराम ध्रुव, सुराज ध्रुव, रावनाभाटा से अलेन सिंह ध्रुव, गैंदालाल ध्रुव, होरीलाल साहू सहित लोगों ने कहा कि आज के युवा वर्ग किसी भी त्योहार में रूचि नहीं दिखाते और धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे प्रत्येक त्योहार तथा रंग गुलाल की दुकानें भी नहीं के बराबर नजर आ रही है।

## होली पर्व पर 4 को शुष्क दिवस घोषित

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा होली पर्व (जिस दिन रंग खेला जाएगा) के अवसर पर बुधवार 04 मार्च 2026 को संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसी क्रम में महासमुंद जिले में भी उक्त दिवस पर मदिरा विक्रय एवं संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए निर्देश दिए हैं कि जिले में स्थित देशी एवं विदेशी मदिरा की समस्त फुटकर दुकानें, रेस्टोरेंट बार, होटल बार, क्लब तथा समस्त अनुज्ञापत्रधारी परिसर जैसे सीएस.-2 (घघ), सीएस-2 (घघ कंपोजिट), एफएल 1 (घघ), एफएल-1 (घघ कंपोजिट), सीएस-2 (ग-अहाता), सीएस-2 (ग-अहाता कंपोजिट अहाता), एफएल-1 (ख-अहाता), एफएल-1 (कंपोजिट अहाता), एफएल-3 एवं देशी मद्य भंडारण भांडागार महासमुंद को 04 मार्च को पूर्णतः बंद रखा जाएगा। उक्त दिवस पर मदिरा का किसी भी प्रकार का विक्रय, परिवहन एवं संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही इस अवधि के दौरान मदिरा के व्यक्तिगत भंडारण तथा गैर-लाइसेंस प्राप्त परिसरों में मदिरा के संग्रहण पर सख्त रोक लगाई जाएगी। अवैध भंडारण पाए जाने पर मदिरा की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अवैध मदिरा के परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संभावित ठिकानों की जांच की जाए।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान पर कार्यशाला हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा-प्रशिक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला वैचारिक जागरण और संगठनात्मक नवसंकल्प का सशक्त मंच बनकर उभरी। यह आयोजन केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि विचारों के पुनरुत्थान और कार्यकर्ता चेतना के नवोदय का प्रतीक सिद्ध हुआ।

कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, मेडिकल बोर्ड के अध्यक्ष दीपक म्हस्के, सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं डॉ विमल चोपड़ा विषय वक्ता के रूप कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मुख्य वक्ता अखिलेश सोनी ने पार्टी की संघर्षमयी यात्रा का स्मरण कराते हुए कहा कि दो सांसदों से प्रारंभ हुआ यह वैचारिक कारवां आज 200 से अधिक सांसदों के विराट जनसमर्थन तक पहुंचा है। यह विस्तार केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में समर्पित कार्यकर्ताओं की तपस्या का परिणाम है। उन्होंने संगठन की विचारधारा, कार्यशैली और नेतृत्व की प्रतिबद्धता को मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक सुदृढ़ रूप से स्थापित करने का आह्वान किया। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने प्रशिक्षण के विषयों का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें इतिहास और विकास की यात्रा, सैद्धांतिक अधिष्ठान, एकात्म मानववाद, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, पंचनिष्ठा, कार्यकर्ता विकास, वर्तमान राष्ट्रीय चुनौतियां तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विविध आयामों पर व्यापक चर्चा की जाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रशिक्षण संगठन को नई दिशा और नई शक्ति प्रदान करेगा।

### बीईओ ने अपने जन्मदिन पर कराया न्योता भोज

**अभनपुर।** प्रधानमंत्री शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत बच्चों में पोषण स्तर को बेहतर बनाने एवं संतुलित आहार के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देशन में संचालित प्रोजेक्ट आओ खुशियां बांटे के तहत विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती धनेश्वरी साहू ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए न्योता भोज दिया साथ ही परीक्षा की तैयारी को ध्यान में रखते हुए छात्र-छात्राओं को पेन, पेंसिल, रबर, इरेजर, पेंसिल पाउच सहित अन्य स्टेशनरी सामग्री वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिवारे, प्राचार्य श्रीमती जानकी साहू सहित शिक्षकगण की सक्रिय सहभागिता रही।

## सिकासेर-कोडार सिंचाई परियोजना के जल्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में बहुप्रतीक्षित सिंचाई परियोजना सिकासेर-कोडार के लिए राज्य बजट में 3,047 करोड़ रुपए के प्रावधान के बाद जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को पारंपरिक शॉल भेंट किया। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार किसानों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है और स्वीकृत राशि के अनुरूप समयबध्द क्रियान्वयन होगा।

मुलाकात के संबंध में जानकारी देते हुए पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने बताया कि जिले में लगातार अल्पवर्षा और अकाल की स्थिति से जूझ रहे किसानों के सूखे खेतों तक सिंचाई सुविधा पहुंचाने की मांग अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। वर्षों के जनसंघर्ष, पदयात्रा, ज्ञापन और राजनीतिक प्रयासों के बाद राज्य सरकार ने 3,047 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कर इस महत्वाकांक्षी सिंचाई परियोजना को हरी झंडी दे दी है। उन्होंने बताया कि इस आंदोलन की शुरुआत वर्ष 2020 में हुई, जब प्रतिनिधिमंडल ने तत्कालीन सिंचाई मंत्री से मुलाकात कर महासमुंद जिले में स्थायी सिंचाई व्यवस्था की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था।


## भाजपा सरकार में छत्तीसगढ़ को नशे का गढ़ बनाने की पूरी तैयारी कर ली : रश्मि



**महासमुंद।** कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि कड़वी सच्चाई यही है कि भाजपा सरकार में छत्तीसगढ़ को नशे का गढ़ बनाने की तैयारी खुलेआम चल रही है। ब्राउन शुगर, हेरोइन और नशीली गोलियों की तस्करी बढ़ रही है। पिछले कुछ माह से कई घटनाएं सामने आई हैं। रायपुर, दुर्ग-भिलाई जैसे शहरों में पान की दुकानों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के ज़रिए ड्रग्स से जुड़े प्रोडक्ट बेचे जाने के मामले भी सामने आए हैं। पूरे प्रदेश में नशे के बाजार ने पिछले कुछ सालों में चुपके से जड़ें जमा ली हैं। अब इसकी जड़ें इतनी गहरी हो गई हैं कि प्रदेश के कई इलाके में नशीली दवाओं से लेकर गांजा बेफिक्री के साथ बिक रहा है। विष्णुदेव साय सरकार की सुशासन में पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति तार-तार हो चुकी है। कोई ऐसा शहर नहीं बचा है, जहां अश्लीलता, हत्या, बलात्कार, डकैती, लूटपाट न हो. अब छत्तीसगढ़ नशा का गढ़ बन गया है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर और धरम लाल कौशिक खुद स्वीकार कर रहे हैं कि प्रदेश में नशे का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा की डबल इंजन सरकार ने छत्तीसगढ़ को नशे का गढ़ बना दिया है, जो काफी चिंता वाली बात है। भाजपा की सरकार ने प्रदेश को नशे का गढ़ बनाने पर ही काम किया है। छत्तीसगढ़ का एक ऐसा राज्य, जो कभी शांत जीवनशैली और खेती-किसानी के लिए जाना जाता था, अब नशे के माफियाओं के अघोषित साम्राज्य में तब्दील होता जा रहा है। गांव से लेकर कस्बों तक माफियाओं के अघोषित साम्राज्य के रूप में पहचाना जाने लगा है। आलम यह है कि गांव की गलियों से लेकर शहर के चौक-चौराहों तक, हर जगह अवैध शराब और इस अवैध कारोबार का बोलबाला है। और अफसोस की बात ये है कि भाजपा सरकार और कानून-व्यवस्था इसके सामने लगभग नतमस्तक नजर आ रही है। कई गांवों में तो महिलाएं खुद पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर के पास पहुंच चुकी हैं, शिकायतों की फाइलें जमा हो चुकी हैं।

# खल्लारी में हुआ यादव ठेठवार समाज का अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप



राधाकृष्ण मंदिर यादव (ठेठवार) समाज उप महासभा का वार्षिक अधिवेशन खल्लारी में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान कृष्ण के पूजन अर्चना के पश्चात प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव, सभाध्यक्ष शंकर लाल अहीर अध्यक्ष उपमहासभा खल्लारी व विशेष अतिथि हरीश यादव प्रदेश उपाध्यक्ष महासभा प्रदेश प्रभारी युवा प्रकोष्ठ, समलिया यादव संरक्षक उपमहासभा पूर्व अध्यक्ष उपमहासभा खल्लारी, फिरन यादव पूर्व अध्यक्ष उपमहासभा खल्लारी, तुलाराम यादव अध्यक्ष कौड़िया देवरी राज, लुलचंद यादव अध्यक्ष खल्लारी राज, हरिराम यादव अध्यक्ष सुअरमाल राज, हेमसिंह यादव अध्यक्ष आरंग राज, ईश्वर लाल अहीर खरियार राज थे।

सभाध्यक्ष शंकर लाल अहीर ने कहा कि सभी छः राज पार के सभी समाजिकजन को संगठित होकर कार्यक्रम में हिस्सा लेना चाहिए, जिसमे प्रेम, भाईचारा, सौहार्द पूर्ण वातावरण निर्मित होता है। सम्मेलन में अधिक से अधिक लोग उपस्थित होवे, तभी हम किसी मांग को प्रबलता से रख सकते है। विशेष अतिथि हरीश यादव ने कहा कि आवश्यकता अनुसार नीति नियमों में संशोधन समय के मांग के साथ करना चाहिए, ताकि समाज प्रगतिशील समाज बन सके। प्रान्तीय महासचिव महासभा राजिम समलिया यादव ने कहा कि बेटियों की शिक्षा के साथ बेटों की शिक्षा की आवश्यकता है। साथ ही उन्हें संस्कारी बनाने की जरूरत है। तभी समाज आगे बढ़ सकता है। कार्यक्रम में उपमहासभा खल्लारी के सभी पदाधिकारियों का गमछा भेंटकर बेच लगाकर सम्मान किया गया। इसमें छह राज के कौड़ियां देवरी राज, खल्लारी राज, सुवरमाल राज, खरियार राज, आरंग राज, महासमुंद नगर के हजारों स्वजातीय बंधु सामाजिक चर्चा, विचार मंथन में हिस्सा लिए व प्राप्त आवेदनों पर विचार कर समस्या का समाधान किया गया। कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी पर चर्चा की गई। साथ ही वार्षिक आय व्यय की जानकारी प्रदान की गई। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह के रूप में मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सोमकांत यादव (सचिव कौड़ियां राज) व हरिराम यादव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप में से हरीश यादव (प्रान्तीय उपाध्यक्ष), समलिया यादव (प्रान्तीय महासचिव महासभा राजिम), तुलाराम यादव (अध्यक्ष कौड़ियां राज), हरिराम यादव (अध्यक्ष सुअर माल), सोमकांत यादव (सचिव कौड़ियां राज), दुलार यादव आदि मौजूद रहे।

पेज 11 के शेष...

### साय सरकार देगी 31 सौ रुपए...

मे राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा साथ ही जिला एवं प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर न्यूनतम समर्थन मूल्य के अंतर राशि भुगतान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसका सीधा प्रसारण किया जायेगा। कृषि अधिकारी श्री ठाकुर ने क्षेत्र के सभी किसानों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किया है। भाजपा मंडल मैनपुर अध्यक्ष संतोष यादव, महामंत्री दिनेश सचदेव, रामस्वरूप साहू, जिला उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुहागा पाड़े ने कहा की भाजपा सरकार अपने वायदे पूरा कर रही है आज पूरे प्रदेश मे किसान खुश है होली त्योहार के पहले विष्णुदेव सरकार 3100 रूपये प्रति क्विंटल दर से अंतर राशि एकमुस्त देने से किसानों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। होली का त्योहार में खुशिया साथ आई है साथ ही इससे व्यवसाय भी बढ़ेगा होली से पहले आर्थिक सहायता मिलने से न केवल त्योहार की खुशिया दुगुनी हुई है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबुती मिलेगी।

### दो कोचिए गिरफ्तार...

परिपालन में समस्त थाना प्रभारी द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रंतर्गत मुखबीर एवं पेट्रोलिंग सक्रिय किया गया है। इसी दरमियान थाना प्रभारी फिंगेश्वर को मुखबीर से सूचना मिलने पर थाना फिंगेश्वर पुलिस टीम द्वारा अवैध देशी मसाला एवं कच्ची महुआ शराब के विरूद्ध धर पकड़ की कार्यवाही की गई जिसमें आरोपी महादेव निषाद उर्फ देवा पिता स्व. बुधारू निषाद उम्र 40 वर्ष साकिन पसौद थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबंद है। आरोपी के कब्जे से सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में 42 पौवा देशी मशाला शराब प्रत्येक में 180-180 एमएल भरा हुआ कुल 7.560 बल्क लीटर किमती 4200 रूपए है। दूसरा आरोपी तुलस कमार पिता स्व0 बल्लू कमार उम्र 22 वर्ष साकिन रक्शा थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबंद के कब्जे से कुल 10 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जिसकी कीमती 2000 रूपये को जब्त किया गया। आरोपियों का कृत्य धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

### 78 गुम...

उपयोग किया जा रहा है। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से मोबाइल के आईएमईआई नंबर को ट्रैक कर यह पता लगाया जाता है कि संबंधित हैंडसेट में वर्तमान में कौन-सी सिम उपयोग हो रही है। इसके आधार पर मोबाइल को खोजकर वास्तविक स्वामी तक पहुंचाया जाता है। 27 फरवरी 2026 को आयोजित कार्यक्रम में साइबर सेल की टीम ने 78 मोबाइल बरामद कर संबंधित व्यक्तियों को सुपुर्द किए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि आम नागरिकों की संपत्ति सुरक्षित रह सके और उन्हें त्वरित राहत मिलती रहे।

## खबर संक्षेप

### जिले के 83 हजार किसानों के खातों में आएंगे 370 करोड़

**छुरा।** किसान मोर्चा के नव नियुक्त जिला उपाध्यक्ष टीकम चंद साहू ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जो कहा गया वह पूरा किया जा रहा है किसानों का होली के पूर्व राशि का वितरण किया जा रहा है जिससे प्रदेश के किसानों के चेहरे पर खुशहाली आए हैं ,उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जिले के 83 हजार,106 किसानो को 370 करोड़,19 लाख, 51 हजार की



राशि राशि जिसका वितरण सरकार ने कहा था कि सभी किसानों के खाते में होली के पूर्व आ जायका ताकि किसी को त्योहार में किसी प्रकार समस्या न हों, एवं आगामी समय में शादी विवाह का समय है जिसमें किसान अपने रिश्तेदार घर परिवार की शादी में पर्याप्त अपनी भागीदारी करें और उनके कार्यक्रम में सहभागी बने, इन सब बातों को ध्यान रखते हुए सरकार ने अपनी प्रतिबद्धतादोहराते हुए राशि हस्तांतरण कर रहा है जिससे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है, उन्होंने कहा पूरी टीम के साथ गांव-गांव जाकर किसानों से संपर्क करेंगे, शासन की योजनाओं की जानकारी देंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि पात्र किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने किसानों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए प्रति एकड़ 21 क्विंटल और 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

### साय सरकार का बजट किसान एवं सभी वर्गो के हित में : सुहागा पाड़े

**मैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मैनपुर मंडल अध्यक्ष सुहागा पाड़े कहा की छत्तीसगढ़ सरकार का बजट हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने वाला बजट है



भाजपा ने अपने कार्यकाल तीसरी बजट मे शिक्षा, खेल, सिंचाई, बालिका शिक्षा, किसान, महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया है। श्रीमति पाड़े ने आगे कहा की प्रदेश के विकास को यह बजट गति प्रदान करेगा महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने महतारी सदन तथा महतारी वंदन के तहत 70 लाख महिलाओ को प्रतिमाह एक हजार रुपए आर्थिक सहायता देने से ग्रामीण महिलाओ को आर्थिक रूप से सक्षम होने मे इसका बेहतर लाभ मिल रहा है साथ ही किसान युवाओ व शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### कर्मचारी संघ ने 10 मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**अभनपुर।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ नई दिल्ली के आह्वान पर राष्ट्रीय मांग दिवस के तहत छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील/ब्लॉक इकाई अभनपुर द्वारा प्रधानमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अभनपुर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित करने, एनपीएस/यूपीएस व्यवस्था समाप्त कर ईपीएस-95 पेंशन प्रणाली लागू करने, आठवें वेतन आयोग के गठन तथा शिक्षकों से संबंधित टीईटी परीक्षा विषयक मांग सहित कुल दस बिंदुओं को शामिल किया गया।
कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने अनुविभागीय अधिकारी के प्रतिनिधि श्रीमती धनेश्वरी साहू को मांग पत्र सौंपते हुए मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा जताई।

**समस्या :** शिक्षा विभाग का फिर एक नया कारनामा, अफसरों की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे छात्र

# महीने भर पहले शुरू की परीक्षा, एक पेपर के बाद अब रद्द, छात्रों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले मे शिक्षा विभाग का फिर एक नया चौकाने वाला कारनामा सामने आया है जिससे हजारों छात्र- छात्राओं सहित पालकों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है तो इस मामले को लेकर भाजपा नेताओं द्वारा सरकार को बदनाम करने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की इसे करतूत बताते हुए शिकायत करने की बात कही गई है तो दूसरी ओर कांग्रेस ने कहा की वार्षिक परीक्षा के नाम पर भाजपा सरकार बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। इसके लिए शिक्षा मंत्री जिम्मेदार है। स्थानीय कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं वार्षिक परीक्षा के नाम पर गरियाबंद जिले मे चौकाने वाला मामला सामने आया है गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र मे कक्षा 9वीं एवं 11वीं की वार्षिक परीक्षा आज से तीन दिन पहले 25 फरवरी 2026 से शुरू हो गया है और इसके लिए बकायदा समय सारणी भी एक पखवाड़ा पहले जारी किया गया तथा 25 फरवरी से लेकर 16 मार्च 2026 तक 9वीं और 11 वीं की परीक्षा संचालित किया जा रहा है 25 फरवरी को हजारों छात्र- छात्राओं ने प्रथम पेपर स्कूल मे पहुंचकर दिलाया भी और आज 27 फरवरी को दूसरा पेपर दिलाने दूर -दूर से बच्चे दोपहर 12 बजे स्कूल पहुंचे तो उनके होश उड़ गए छात्रों को बताया गया कि 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षा रद्द कर दी गई है और अब वार्षिक परीक्षा अगले माह 25 मार्च से प्रारंभ किया जाएगा स्कूल परीक्षा दिलाने पहुंचे छात्रों को जैसे ही परीक्षा रद्द होने की जानकारी लगी मायूस होकर लौटे। इस दौरान छात्र- छात्रओं ने बताया की वार्षिक परीक्षा के कारण उनके द्वारा दिन रात पढाई किया जा रहा था एक पेपर हो भी चुका है लेकिन क्यों परीक्षा रद्द कर दिया गया समझ से परे है।

**बच्चों से परीक्षा शुल्क भी लिया गया है-** वार्षिक परीक्षा दिलाने पहुंचे कक्षा 9वीं और 11वीं के छात्र छात्रओ ने बताया कि उनके द्वारा परीक्षा शुल्क भी जमा किया गया है और एकाएक परीक्षा स्थगित कर देने से उन्हे बहुत मायूसी हुई है क्योंकि सालभर की वार्षिक परीक्षा का ही छात्रों को इंतजार रहता है।







खास खबर

**मार्च में ही परीक्षा लेने का दिया था निर्देश**

लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ प्रथम तल सी खंड इन्द्रावती भवन नया रायपुर अटल नगर पत्र क्रमांक 123 दिनांक 4 फरवरी को ही समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर परीक्षा तिथि के संबंध मे स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि दिनांक 25.03.2026 से 10.04.2026 तक वार्षिक परीक्षा संपन्न कराया जाये समय सारणी जिला शिक्षा अधिकारी से जारी करने का निर्देश दिया गया था बावजूद इसके गरियाबंद जिले में शिक्षा विभाग द्वारा जो लापरवाही सामने आई है छत्तीसगढ लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशों को दरकिनार कर जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद द्वारा मनमानी करते हुए एक माह पहले 25 फरवरी 2026 से 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षा जिले मे प्रारंभ करवा दिया गया साथ ही प्रदेश स्तर के कार्यालय के निर्देशों का खुलेआम धज्जियां उडाई गई जिसका खामियाजा वार्षिक परीक्षा का एक पेपर संपन्न होने के बाद आज दूसरा पेपर के साथ वार्षिक परीक्षा को निरस्त करना पड़ा। छात्र- छात्राओं को अतिरिक्त मानसिक दबाव का सामना करना पड़ा। इस मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित अफसरों पर कार्यवाही होना चाहिए।

**लापरवाह अफसरों पर करेंगे कार्रवाई की मांग** - भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरलीधर सिंन्हा ,गरियाबंद जिला के पूर्व महामंत्री योगेश शर्मा ने कहा की जब लोक शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ द्वारा 25 मार्च से स्थानीय स्तर का वार्षिक परीक्षा आयोजित करने का पहले ही निर्देश जारी कर दिया गया है तो जिले मे एक माह पहले वार्षिक परीक्षा 9वीं और 11 वीं का आयोजित करना जिला शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित विभाग द्वारा घोर लापरवाही है ऐसे लापरवाह अफसरों पर कार्यवाही मांग किया जाएगा। भाजपा सरकार में बच्चों से वार्षिक परीक्षा के नाम पर मजाक किया जा रहा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, कांग्रेस के जिला महामंत्री खेदू नेगी ने कहा की भाजपा सरकार में छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है वार्षिक परीक्षा के नाम पर बच्चों को छला जा रहा है कांग्रेसियों ने कहा तत्काल इस मामले मे जिला शिक्षा अधिकारी पर कार्यवाही होना चाहिए और शिक्षा मंत्री को जिम्मेदारी लेना चाहिए।

**समय सारणी जिला स्तर से बना है-** इस संबंध मे जानकारी लेने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद जगजीतधीर से जब संपर्क किया गया तो उन्होने फोन रिसीव नहीं किया और मैसेज करते हुए कहा की इस मामले में मैनपुर बीईओ और बीआरसीसी से संपर्क कर लेवें। इस संबंध मे मैनपुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल से संपर्क करने पर उन्होने कहा की पूरा समय सारणी जिला स्तर से बना है हम तो जिला अधिकारियों के निर्देशों का पालन करते है।

## संस्कृत शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को मांग पत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

संस्कृत विषय बचाओ अभियान के तहत छत्तीसगढ़ संस्कृत शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दौलत राम साहू, डॉ. नारायण साहू, मनोज कुमार वर्मा, सुनील कुमार, रामानंद ध्रुव, दिनेश मांडवी, शारदा साहू, ईश्वरी यदु, कामिनी पिल्लई, डॉ. कोमल वैष्णव, नरेश विश्वकर्मा, तरुण कुमार साहू, पूरन लाल साहू, शंकर लाल साहू, नोयन बुडेक, दिनेश ध्रुव, जीएस बघेल, सनत वर्मा, हुसैन लाल पुजेरी, शिरीस श्रीवास्तव, महेश्वर द्विवेदी, हेमंत कुमार शर्मा ने छत्तीसगढ़ में संस्कृत विषय की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि माध्यमिक शिक्षा मंडल के पाठ्यक्रम से कक्षा छठवीं से लेकर कक्षा दसवीं तक सचिवालय स्तर पर षडयंत्र पूर्वक हटाया जा रहा है, इसे अवगत कराकर संस्कृत को पूर्व की भांति हरियाणा राज्य के तर्ज पर अनिवार्य विषय करने और संस्कृत के विकल्प के रूप में नवीन व्यावसायिक शिक्षा लागू किया गया है उसे सातवें विषय के रूप में स्थान देने के लिए मांग पत्र राजीव भवन शंकर नगर कांग्रेस



कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ दीपक बैज को सौपा गया। उक्त अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि स्कूलों में ब्यूटी पार्लर जैसे विषय को लागू करके एन जी ओ और प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा बालिकाओं को जो अध्ययन का काल होता है मुख्यधारा से भटका रही है जो बिल्कुल अनुचित है. हम प्रदेश कांग्रेस की ओर से इसका विरोध करते हैं, संस्कृत संस्कार परक भाषा है इनका संरक्षण और संवर्धन अति आवश्यक है।संघ के पदाधिकारी ने बताया कि अपने मांग को लेकर अब तक लोक शिक्षण संचालनालय, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव, संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, सचिव छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, सचिव सहायक संचालक छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्या मंडल स्कूल शिक्षा मंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री, रायपुर सांसद, बेमेतरा दुर्ग रायपुर महासमुंद के जिला कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी तथा बेमेतरा दुर्ग, खल्लारी,राजिम, कुरूद, डोगरगांव, कसडोल, बिलईगढ़ सरायपाली के विधायकों को भी मांग पत्र सौपा जा चुका है कि सचिवालय स्तर पर बिना किसी लिखित आदेश के संस्कृत विषय के स्थान पर नवीन व्यावसायिक शिक्षा मौखिक निर्देशों से ही लागू किया गया है।

## युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी पूंजी : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा कोसमी एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक रहा। इस अवसर पर गरियाबंद जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए युवा प्रतिभागियों ने आपातकाल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसके प्रभाव तथा भारतीय लोकतंत्र की मजबूती पर सार्थक विचार-विमर्श किया।कार्यक्रम में यूथ आइकॉन के रूप में उपस्थित गौरीशंकर कश्यप (अध्यक्ष, जिला पंचायत) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से सकारात्मक सोच, अनुशासन और नेतृत्व गुण विकसित करने का आह्वान किया तथा कहा कि लोकतंत्र की मजबूती युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। उपनिदेशक, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय अर्पित तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा संसद जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, तार्किक चिंतन और संवाद कौशल का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि आज का युवा यदि लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को समझेगा, तो भविष्य में देश की शासन व्यवस्था और अधिक सशक्त होगी। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहने की प्रेरणा दी।

- आईएसबीएम विश्वविद्यालय में जिला स्तरीय युवा संसद का भव्य आयोजन





**लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए सतत जागरूकता जरुरी-** कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित संवाद सत्र में युवाओं से सीधे चर्चा करते हुए लेखराज धुरवा (जिला पंचायत सदस्य, गरियाबंद) ने कहा कि लोकतंत्र केवल शासन प्रणाली नहीं, बल्कि नागरिकों की सजगता और जिम्मेदारी पर आधारित व्यवस्था है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संविधान के मूल्यों को जीवन में अपनाते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनें। उन्होंने यह भी कहा कि आपातकाल का इतिहास हमें यह सिखाता है कि लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए सतत जागरूकता आवश्यक है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद महलवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा संसद जैसे आयोजन विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर आयोजित यह कार्यक्रम युवाओं को इतिहास से सीख लेकर भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में डॉ. समीक्षा चंद्राकर एनएसएस जिला संयोजिका की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रहित में सक्रिय सामाजिक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

## वैचारिक अधिष्ठान के लिए प्रशिक्षण जरूरी : प्रेमप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद के भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में 27 फरवरी शुक्रवार को 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026' जिला कार्यशाला एवं योजना बैठक आयोजित की गई थी। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं राजकीय गीत के साथ हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यवक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि भाजपा केवल एक चुनावी दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा आधारित संगठन है। इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाना और उन्हें सरकार की जनहितकारी योजनाओं का सजग प्रहरी बनाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के कौशल विकास और वैचारिक प्रबोधन के लिए इस महाभियान की रूपरेखा साझा करते हुए कहा कि भाजपा एक विचार आधारित संगठन है, जहां कार्यकर्ता ही शक्ति का केंद्र है। उन्होंने आह्वान किया कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को नीति, सिद्धांत, संगठनात्मक संरचना और जनसेवा के संस्कारों से समृद्ध किया जाए, ताकि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं और पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ता प्रखर एवं प्रवीण होते हैं और भाजपा कार्यकर्ता हमेशा कर्मठ, निष्ठावान एवं परिश्रमी होते है।

**प्रशिक्षण हमारा आधारभूत कार्यक्रम : रामकुमार**

भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 की जिला कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ता प्रखर होते है। विषय के अच्छे जानकार बनते है। भाजपा में प्रशिक्षिति कार्यकर्ता संगठन एवं सरकार के कार्यों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाते है। उन्होंने कहा कि यह महा अभियान मंडल स्तर तक आयोजित कर वैचारिक रूप से दृढ़, संगठनात्मक रूप से सक्षम और समाज सेवा के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं का निर्माण करना लक्ष्य है।

**पंच परिवर्तन समाजिक जीवन का दर्शन : केदारनाथ**

अपेक्स बैंक चेयरमैन केदारनाथ गुप्ता ने कहा कि यह प्रशिक्षण महा अभियान मंडल स्तर तक आयोजित किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य वैचारिक रूप से दृढ़, संगठनात्मक रूप से सक्षम और समाज सेवा के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं का निर्माण करना है। भारतीय जनता पार्टी का यह संकल्प है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाकर राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाया जाए। यह प्रशिक्षण वर्ग केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भाजपा की उस सांगठनिक शक्ति को और अधिक धार देने का माध्यम है, जो तकनीक और विचार के संगम से विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए विशेष रूप से 7 प्रमुख विषयों का चयन किया गया है, जिनमें वैचारिक अधिष्ठान के तहत भाजपा से हमारा जुड़ाव और हमारी विचारधारा, जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक के गौरवशाली सफर पर चर्चा सहित अन्य विषय शामिल है।

**प्रशिक्षण में नवाचार की परिकल्पनाः सागर मयानी-**



आईटी सेल के संभाग प्रभारी सागर मयानी ने कार्यशाला के अंतिम सत्र को संबोधित करते हुए नवाचार आधारित प्रशिक्षण का ढांचा को लेकर विस्तार से बताया। भाजपा कार्यकर्ता की आदर्श कार्य-पद्धति, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की रणनीति, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), सोशल मीडिया और आईटी का प्रभावी उपयोग और कार्यकर्ताओं की प्रतिभा और रुचि को निखारने के लिए कार्यक्रम शामिल है।कार्यशाला जिला पदाधिकारियों, युवा मोर्चा व महिला मोर्चा के सहयोग से संपन्न हुई, जिसमें मोर्चा–प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बजट में महतारी के बाद इस बार बच्चियों का किया वंदनः टिकेश्वरी







**रसेला।** मलेवा अंचल के मंडल उपाध्यक्ष टिकेश्वरी कोमर्रा ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 2026-27 का बजट केवल आंकड़ों का पुलिंदा नहीं है, बल्कि छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की आकांक्षाओं का श्वेत पत्र है। संकल्प के तहत सरकार ने समावेशी विकास और अंत्योदय को प्राथमिकता दी है। इस बजट में नारी शक्ति को आर्थिक आजादी देने और नव निहालो के भविष्य को पोषण से सींचने के लिए खजाना खोल दिया है। बजट में जहां महतारी वंदन जैसी योजनाओं के जरिए महिलाओं के खाते में सीधी राशि पहुंचाई जा रही है, वहीं रानी दुर्गावती योजना के माध्यम से बेटियों के जन्म से लेकर 18 वर्ष की आयु तक आर्थिक सुरक्षा का कवच प्रदान किया है। अंतिम छोर पर खड़े बुजुर्गो, दिव्यांगों, विधवाओं के लिए पेंशन की इस बजट में बड़ी राशि आवंटित कर सरकार ने अपने संवेदनशील चेहरे को उजागर किया है। जनपद सदस्य नारायण सिन्हा व भाजपा मंडल के महामंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्ष ज्ञान और गति पर ध्यान केंद्रित किया था। इस बार बजट संकल्प मांडल पर आधारित है। यह बजट मिल का पत्थर साबित होगा,यह बजट राज्य की संस्कृति और अर्थव्यवस्था के आधार स्तंभ कृषि को मजबूत करने वाला है।

## सप्ताहिक बाजारों में चिल्लर की किल्लत से जूझ रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र के सप्ताहिक बाजार रसेला, हिराबत्तर, सुरगपानी, कुडेरादादर, कनसिघी, कोठीगाव, लिटीपारा सहित पूरे अंचल में लंबे समय से छोटे नोटो की कमी से जूझ रहा है। मांग करने पर बैंक द्वारा छोटे नोट 5, 10, 20 , उपलब्ध नहीं करवा रहे हैं। इससे क्षेत्र के सप्ताहिक बाजार में लेनदेन करने पर चिल्हर नहीं होने पर सब्जी वाले कहते हैं कि बाद में आके देना। एक अर्से से क्षेत्र में छोटे नोटो की किल्लत बनी हुई है जिसके कारण किराना व्यवसाय, चाय, पान दुकान, होटल के



साथ यात्री बसों की टिकट लेने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। खासकर सब्जी बाजार में पांच व दस तथा बीस के नोट नहीं मिलने के कारण सब्जी लेने वाले ग्राहकों को जबरदस्ती न चाहते हुए भी अन्य सामान लेने पर मजबुर होना पड़ता है। किराना दुकान में भी लोगों को चाकलेट, पिपरमेंट, माचिस, शैम्पू व अन्य सामान देकर एडजस्ट किया जा रहा है। कुल मिलाकर गांव सहित क्षेत्र में छोटे नोटो की भारी कमी से सभी वर्ग के लोग परेशान हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत बस में यात्रा करने वाले यात्री परेशान हो रहे हैं। इस तरह सभी स्थानों पर आम नागरिकों को छोटे नोट नहीं मिलने से परेशानी से दो चार होना पड़ रहा है। जनहित में समूचे बाजार के छोटे व खुदरा व्यापारियों को छोटे छोटे नोट व सिक्कों का आबंटन घुम घुमकर बैंक वालों को करना चाहिए ताकि व्यवस्था में लोगों को राहत मिल सके।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बाजार में सजे नगाड़े

**मैनपुर।** होली का पर्व दो दिन बाद मनाया जाएगा होली पर्व के चलते बाजार में रंग बिरगें पिचकारिया पहुंच चुकी है और ग्रामीण ईलाकों में नगाडे की भी आवाज आने लगी है बाजार में नंगाडे बीकने पहुच चुके है मैनपुर बाजार में 400 से लेकर 1400 रूपये तक जोडी में नंगाडे बीक रहे है। नंगाड़ा बिक्री करने पहुंचे ग्रामीण ने बताया की अब पहले जैसे नंगाड़ो की मांग नहीं रही है लेकिन ग्रामीण इलाकों में आज भी नंगाड़े युवा खरीद कर ले जाते हैं और शाम होते ही गांव की गलियों से फाग गीत की आवाज सुनाई देने लगी है हालंकि अब पारंपरिक नंगाड़ों ढोलक की जगह डीजे साउंड सिस्टम म्यूजिक को ज्यादा युवा पसंद करने लगे है लेकिन वनांचल मैनपुर क्षेत्र मे आज भी नंगाड़ो की मांग बनी हुई है।

### लोकगायक बांधे को मिला देशमुख संगीत अवार्ड

**अभनपुर।** समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा कुशालपुर, रायपुर में राज्य अलंकरण सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न हुआ जिसमे मुंडरा निवासी शिक्षक एवं लोक गायक लक्ष्वीर बांधे को डॉ. दाऊ राम चंद्र देशमुख लोक कला एवं संगीत रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में साहित्य, संस्कृति, लोक कला, संगीत, शिक्षा व समाजसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 82 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेश ठाकुर ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. डी.एस. तांडेकर उपस्थित रहे।

# जिले के घरों में अब पाइप लाइन से पहुंचेगी गैस, रसोई गैस सिलेंडर के झंझट से मिलेगी मुक्ति

## सीएम साय ने किया सिटी गैस इंफ्रास्ट्रक्चर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने घरेलू गैस उपभोक्ताओं के जीवन को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण परियोजना की शुरूआत की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर में सिटी गैस इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट का विधिवत शुभारंभ किया। इस परियोजना के लागू होने से अब गरियाबंद जिले के हजारों घरेलू गैस उपभोक्ता परिवारों को सीधे उनके रसोई तक पाइपलाइन के माध्यम से गैस की आपूर्ति की जाएगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरूआत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ लगातार विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। सिटी गैस इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के शुभारंभ के साथ उस विकास की कड़ी में एक और कड़ी जुड़ गई है। कहा कि इस सुविधा के शुरू होने से लोगों को सिलेंडर बुक करने और उसके आने का इंतजार करने की झंझट से मुक्ति मिलेगी साथ ही यह पर्यावरण के अनुकूल और सस्ता विकल्प भी साबित होगा। इसका उद्देश्य गृहणियों को सिलेंडर खत्म होने की चिंता से मुक्त करने के साथ ही उन्हें एक सुरक्षित और सस्ती ऊर्जा का विकल्प प्रदान करना भी है। इस योजना से अब गैस खत्म होने का डर नहीं रहेगा, पाइपलाइन से 24 घंटे गैस उपलब्ध होगी। सिलेंडर के मुकाबले पाइपलाइन गैस सस्ती और अधिक किफायती होगी। इसके साथ ही यह परियोजना प्रदूषण मुक्त है तथा सिलेंडर के रिसाव और परिवहन के खतरों से मुक्ति मिलेगी।



### गरियाबंद जिले में उत्साह का माहौल

परियोजना के शुभारंभ से गरियाबंद जिले में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। जिले के राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए इसे सुशासन वाली सरकार की मिसाल बताया है। उन्होंने कहा कि यह कदम गरियाबंद जैसे जिलों के लिए विकास के नए द्वार खोलेगा। कहा कि आज राजिम विधानसभा और पूरे गरियाबंद जिले के लिए ऐतिहासिक दिन है। हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सिटी गैस इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के रूप में जो सौगात हमें दी है वह छत्तीसगढ़ के बदलते और संवरते स्वरूप का प्रतीक है। हमारे जिले की माताएं-बहनें अब गैस सिलेंडर खत्म होने की परेशानी और बुकिंग के इंतजार से मुक्त होंगी। पाइपलाइन से सीधे चूल्हे तक गैस पहुंचने से समय की बचत मिलेगी और हर उपभोक्ता परिवार की जेब को राहत भी मिलेगी। यह डबल इंजन की सरकार अब सुरक्षित ईंधन की भी सरकार बन गई है। अब जनसुविधा सीधे जनता के द्वार तक पहुंचने लगी है। उन्होंने राजिम विधानसभा की समस्त जनता की ओर से मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि मोदी जी की गारंटी और विष्णुदेव सरकार के सुशासन में छत्तीसगढ़ अब सचमुच संवर रहा है। विकास की यह गंगा अब हर घर तक पहुंचेगी।

**पहल : उदंती सीतानदी में देश का पहला सुपर ड्रोन तैनात, वरुण जैन ने संभाली कमान**

# दुर्गम पहाड़ियों और बीहड़ जंगलों के बीच सुपर ड्रोन से हो रही हाथियों की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के बिहड़ पहाड़ी के ऊपर घने जंगल और आमामोरा ओढ़ की उन दुर्गम पहाड़ियों पर, जहां इंसान के कदम डगमगा जाते हैं और परिंदा भी पर मारने से पहले सोचता है, वहां अब तकनीक के पंख गूंज रहे हैं। हाथी ऐप के जरिए देशभर के वन्यजीव प्रेमियों और वन विभाग के गलियारों में अपनी अलग पहचान बनाने वाले उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जुनून अगर सर चढ़कर बोले तो जंगल की खामोशी भी नई इबारत लिखती है। इस बार नवाचार का चेहरा कोई ऐप नहीं, बल्कि एक ऐसा अत्याधुनिक सुपर ड्रोन है, जो छत्तीसगढ़ की धरती पर पहली बार कदम रख रहा है और जिसे चलाने के लिए उपनिदेशक वरुण जैन खुद जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर बिहड़ के बीच पसीना बहा रहे हैं। यह महज एक मशीन नहीं, बल्कि उन वनकर्मियों की तीसरी आंख है जो रात के सन्नाटे में हाथियों की चिंघाड़ सुनकर अपनी जान जोखिम में डालते हैं। आमामोरा ओढ़ की ऊंची चोटियों से जब वरुण जैन ने इस ड्रोन को हवा में लहराया, तो नीचे तालाब की लहरों के बीच बेखौफ अठखेलियां कर रहे 28 हाथियों के दल को भनक तक नहीं लगी कि कोई उनकी जासूसी कर रहा है। इस ड्रोन की जादुई ताकत इसके थर्मल सेंसर में छिपी है, जो रात के घुप अंधेरे में भी हाथी के शरीर की तपिश को पहचान कर उसकी सटीक लोकेशन स्क्रीन पर उकेर देता है। मानवीय नजरिए से देखें तो यह तकनीक उन मासूम ग्रामीणों के लिए किसी फरिश्ते से कम नहीं है, जिनकी साल भर की मेहनत यानी फसलें हाथियों के पैरों तले कुचल जाती थीं। अब इस आसमानी रक्षक की मदद से फसलों के नुकसान का सटीक आकलन तो होगा ही, साथ ही हाथियों की लंबाई–चौड़ाई और उनके स्वास्थ्य का डेटा भी बिना उन्हें परेशान किए विभाग के पास होगा।



### कर्मचारियों का समय बचेगा

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने चर्चा में बताया की इस ड्रोन की कई सारी खासियत है इसे तकनीकी सुविधाएं तो मिलेगी ही हमारे कर्मचारियों का समय भी काफी बचेगा और जंगल के साथ साथ वन्य जीवों के बारे में काफी एक्यूरेट जानकारी प्राप्त होगी।

### अब मिनटों में लाइव अपडेट

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन का यह प्रयास वन प्रबंधन के उस पुराने ढर्रे को बदल रहा है जहां सूचनाओं के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता था। अब घंटों का काम मिनटों में सिमट गया है और विभाग के पास हाथियों की हर हरकत का लाइव अपडेट है। इस दुर्गम सफर पर निकले वरुण जैन ने जब ड्रोन की स्क्रीन पर दो हाथियों का शारीरिक मापदंड दिखाया, तो वह दृश्य आधुनिक भारत के उस डिजिटल जंगल की तस्वीर पेश कर रहा था, जहां इंसान और जानवर के बीच का संघर्ष अब समझदारी और तकनीक के मेल से कम होने की उम्मीद जगा रहा है। यह नवाचार न केवल कर्मचारियों का समय बचाएगा, बल्कि टाइगर रिजर्व को देश के सबसे सुरक्षित और हाई-टेक फॉरेस्ट कॉरिडोर के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।



# होली पर शांति और सुरक्षा की तैयारी पर हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

आगामी होली पर्व को शांति, सौहार्द और सुरक्षा के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले के थाना राजिम, पिपरछेड़ी और अमलीपदर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देशन एवं राजपत्रित अधिकारियों के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई, जिसमें एसडीएम, तहसीलदार, जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रमुख और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अधिकारियों और नागरिकों ने पारंपरिक गरिमा के साथ होली मनाने का संकल्प लिया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान हुड़दंग करने वाले, जबरन रंग डालने वाले, नशे की हालत में वाहन चलाने वाले और असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तत्काल दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। स्कूली परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और भ्रामक खबरों से सावधान रहने तथा ऐसी किसी भी सूचना की तुरंत पुलिस को जानकारी देने की अपील की गई। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए ग्राम कोटवारों को मुनादी कराने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने सभी नागरिकों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने की अपील की और अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

# सरल-सहज व्यक्तित्व के धनी थे पंडित शुक्ल : अमितेश शुक्ल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम के पंडित श्यामाचरण शुक्ल चौक में कांग्रेसजनो ने शुक्रवार को पंडित शुक्ल की जयंती मनाई। इस अवसर पर उनके प्रतिमा में पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। जयंती कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल, सपत्नीक पहुंचे और याद कर कहा कि सरल-सहज व्यक्तित्व के धनी पंडित श्यामाचरण शुक्ल ने मुख्यमंत्री रहते हुए छत्तीसगढ़ अंचल की प्रगति के लिए अथक प्रयास किए। श्री शुक्ल एक कर्मठ राजनेता थे। छत्तीसगढ़ और अविभाजित मध्यप्रदेश के विकास में उनके अमूल्य योगदान को सदैव स्मरण किए जायेंगे। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पवन सोनकर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूपेश साहू, सुनील तिवारी, डेकेश्वर ठाकुर, रामनारायण साहू, दौलत राम, टिकेश साहू, गोविंद यादव, तेजेश यदु, विष्णु जांगड़े, कमल यदु, रामू तारक, मनोज सोनवानी, ताराचंद मेघवानी, हरिशंकर श्रीवास्तव, दिलीप साहू, मुकेश भारती, थनेश्वर बंजारे, नेहरू साहू, नंदू यादव, खेमराज सिन्हा,अशोक निर्मलकर,डोमार ध्रुव, जितेश सर्वे, छगन रात्रे, वीरेंद्र साहू, नेतराम डहरिया, कौशल यादव, चेतन सिन्हा,लखन ध्रुव, पुरुषोत्तम साहू, सुदामा वर्मा, लालजी साहू, लालचंद मेघवानी, दुर्गा साहू, धर्मवीर वर्मा, रामु तारक मौजूद थे।

## केजरीवाल और सिसोदिया बाइज्जत बरी, जिले में जश्न

**छुरा।** आम आदमी पार्टी के लिए आज बहुत बड़ा दिन साबित हुआ है कि किस तरह पार्टी के बड़े नेताओं को षड्यंत्र करके झूठे केस में फसाया गया था। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल जी एवं मनीष सिसोदिया को तथाकथित शराब घोटाला प्रकरण में सीबीआई कोर्ट द्वारा शुक्रवार को बाइज्जत बरी किया गया है। विदित हो कि 21 मार्च 2024 को ईडी ने केजरीवाल जी को गिरफ्तार किया था फिर 26 जून को सीबीआई ने जेल से ही हिरासत में लिया 23 जुलाई 2024 को जेल से बाहर आए थे उसी दिन सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई केस में उन्हें जमानती दी थी। और आज केजरीवाल जी मनीष सिसोदिया जी सहित 23 लोगों को कोर्ट ने बाइज्जत बारी किया है। शराब नीति में बरी होने के बाद केजरीवाल जी ने कहा कि उन्होंने अपनी जिंदगी में ईमानदारी कमाई है इन्होंने झूठा केस लगाया और आज साबित हो गया कि केजरीवाल ईमानदार है,मनीष सिसोदिया कट्टा ईमानदार है,आम आदमी पार्टी ईमानदार है। मैं प्रधानमंत्री जी से कहना चाहता हूं कि इस तरह से लोकतंत्र से खिलवाड़ मत कीजिए, देश के संविधान का मजाक मत बनाइए। आम आदमी पार्टी जोन सह प्रभारी एवं प्रदेश सचिव रूद्रसेन सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण यादव,लोकसभा अध्यक्ष महेश यादव,लोकसभा उपाध्यक्ष कुलदीप अवस्थी, जिलाध्यक्ष चमन यादव,जिला प्रभारी मनोज मिश्रा,जिला उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, जिला उपाध्यक्ष हुकूमत नायक,जिला महासचिव नंद लाल यादव, जिला संगठन मंत्री, दूरवास नेताम, जिलाध्यक्ष यूथ हरीश पटेल, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोहन सिन्हा, जिलाध्यक्ष किसान जीवन लाल जांगड़े, विधानसभा प्रभारी राजीम सेवा राम साहू, विधानसभा प्रभारी विंद्रनावगढ़ बलियार सींग नेगी ब्लॉक अध्यक्ष खेमसिंग ठाकुर,ब्लॉक अध्यक्ष राजीम लोकेश साहू, ब्लॉक अध्यक्ष फिंगेश्वर कुलेश्वर साहू, नोहर निषाद ने कहा कि यह सत्य और न्याय की ऐतिहासिक विजय है।



**रक्तदाताओं को हेलमेट भेंट कर दिया सुरक्षा का संदेश**

# सेन समाज के वार्षिक अधिवेशन में हुआ 30 यूनिट रक्त का संग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ड्योढीपार देशहा सेन समाज प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार सेन के नेतृत्व में छुरा परिक्षेत्र में भव्य रक्तदान शिविर 30 यूनिट रक्तदान, रक्तदाताओं का विशेष सम्मान छुरा परिक्षेत्र में आयोजित वार्षिक अधिवेशन के पावन अवसर पर युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार सेन के नेतृत्व में एक प्रेरणादायक एवं सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस पुनीत अवसर पर समाज के युवाओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। शिविर के दौरान कुल 30 यूनिट रक्तदान किया गया, जो मानव सेवा एवं सामाजिक दायित्व के प्रति युवाओं की जागरूकता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण यह रहा कि सभी रक्तदाताओं को फूल-माला पहनाकर, प्रशस्ति प्रमाण-पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान कर एवं हेलमेट भेंट कर सम्मानित किया गया। हेलमेट भेंट कर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का भी संदेश दिया गया। इस अवसर पर ड्योढीपार देशहा सेन समाज के मूल प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष हीराधर सेन ने युवा प्रकोष्ठ की इस सराहनीय पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए भविष्य की कार्ययोजना के लिए शुभकामनाएं प्रदान कीं।





**सम्मान के साथ सुरक्षा का संदेश-** कार्यक्रम में प्रदेश कोषाध्यक्ष माखन लाल सेन, छुरा परिक्षेत्र के अध्यक्ष भवानी शंकर सेन, सिरपुर महासभा के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य गोविंद सेन सहित अन्य परिक्षेत्रों के पदाधिकारीगण गरिमामयी उपस्थिति में रहे। विशेष रूप से छुरा परिक्षेत्र के सचिव एवं युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश कोषाध्यक्ष खेमराज सेन ने रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने पूरे कार्यक्रम के प्रबंधन, व्यवस्था एवं समन्वय का दायित्व बखूबी निभाते हुए शिविर को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाया। रक्तदान करने वालों में युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार सेन, प्रदेश महासचिव शिव कुमार सेन, प्रदेश कोषाध्यक्ष खेमराज सेन, उपाध्यक्ष कपिल श्रीवास ज, महामंत्री मोनू सेन, महामंत्री स्वपनल श्रीवास सहित अन्य युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार सेन ने कहा कि रक्तदान महादान है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर मानवता की सेवा करनी चाहिए, उन्होंने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए समाज के युवाओं से निरंतर ऐसे जनहितकारी कार्यों में भागीदारी की अपील की। यह रक्तदान शिविर सामाजिक एकता, सेवा भावना एवं जनकल्याण के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण सिद्ध हुआ।

## जनप्रतिनिधियों ने मानदेय में वृद्धि की मांग की

**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी में त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम में भेण्डरी, चंदना, चंद्रसुर, नवागांव, परसट्टी और परेवाडीह के 50 पंचों ने भाग लिया। कार्यक्रम में त्रिस्तरीय पंचायती राज अधिनियम के प्रावधानों, कर्तव्यों एवं अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्राम विकास योजनाओं के क्रियान्वयन, वित्तीय प्रबंधन, सामाजिक अंकेक्षण तथा जनभागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। पंचों ने शासन से मानदेय में वृद्धि की मांग रखी। कार्यक्रम में भेण्डरी उपसरपंच राधे पटेल, परेवाडीह उपसरपंच मदन यदु, परसट्टी के संतराम साहू, नंदू सेन, लेखराम साहू, यशवंत यादव, पिंटू सिन्हा, राजू साहू, भगवान साहू, शारदा साहू, डोमार सिन्हा, गंगोत्री निषाद, गुलापा साहू, प्रेमिन साहू मौजूद रहे।





## पलाश और चुकंदर से तैयार हो रहा हर्बल गुलाल

**मैनपुर।** होली के पर्व को लेकर भारी उत्साह जहां एक ओर देखने को मिल रहा है। वहीं मैनपुर आदिवासी विकासखण्ड के अमलीपदर में सुरभी महिला बिहान समूह की दीदीयों द्वारा पलास फूल, हल्दी, चुकंदर, पालक, लाल भाजी से हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा है। मैनपुर ब्लॉक अधिकारी संगीता ध्रुव, विजय रात्रे द्वारा लगातार समूह की दीदीयों को मार्गदर्शन दिया जा रहा है।







